**बिहार सरकार**
**कृषि विभाग**

पत्रांक :– DoH/SS/04/2025– 45 /पटना दिनांक 27.05. 2025

प्रेषक,

**कल्पना कुमारी,**
अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार,**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।
द्वारा : **वित्त विभाग, बिहार, पटना। (+)**

**(+) अनौपचारिक रूप से परामर्शित**

विषय : **राज्य योजना मद से फसल विविधीकरण योजना के अधीन विशेष बागवानी फसलों आँवला, एप्पल बेर, नींबू तथा अमरूद के प्रोत्साहन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक दो वर्षों के लिए कुल 1400.00 लाख (चौदह करोड़) रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति एवं इसके अधीन वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु 840.00 लाख (आठ करोड़ चालीस लाख) रूपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।**

आदेश : **स्वीकृत।**

राज्य योजना मद से फसल विविधीकरण योजना के अधीन विशेष बागवानी फसलों आँवला, एप्पल बेर, नींबू तथा अमरूद के प्रोत्साहन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक दो वर्षों के लिए कुल 1400.00 लाख (चौदह करोड़) रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति एवं इसके अधीन वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु 840.00 लाख (आठ करोड़ चालीस लाख) रूपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस योजना का मुख्य उद्देश्य बिहार राज्य में फसल विविधीकरण अन्तर्गत विशेष बागवानी फसलों के क्षेत्र विस्तार हेतु किसानों को अनुदान देकर उनकी आय में वृद्धि तथा जलवायु परिवर्तन के अनुरूप फसल पद्धति विकास के लिए बेहतर विकल्प प्रदान करना है। शुष्क बागवानी फसलों के क्षेत्र विस्तार से अव्यवहृत भूमि का सदुपयोग हो पायेगा एवं हरित आवरण में बढ़ोत्तरी होगी। इस योजना का कार्यान्वयन राज्य के सभी जिलों में किया जायेगा।

3. इस योजना के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य से संबंधित विवरणी अनुसूची–1 के रूप में संलग्न है।

4. योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तर पर मिशन निदेशक, राज्य बागवानी मिशन, बिहार एवं जिला स्तर पर सहायक निदेशक उद्यान कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करेंगे।

5. योजना के कार्यान्वयन हेतु पौध रोपण सामग्री की उपलब्धता ई–निविदा के द्वारा चयनित योग्य एजेंसी के माध्यम से LCBS के आधार पर प्राप्त L1 के दर पर कराया जायेगा।

6. **विशेष बागवानी फसलों के प्रोत्साहन हेतु अनुदान** :– इस घटक के अधीन चयनित फसल आँवला, एप्पल बेर, नींबू एवं अमरूद है। इसके अन्तर्गत विशेष बागवानी फसलों के क्षेत्र विस्तार हेतु प्रति हेक्टेयर कुल लागत प्रति हे० 1.00 (एक) लाख रूपये का 50 प्रतिशत अधिकतम 50,000/– (पचास हजार) रूपये प्रति हेक्टेयर अनुदान दिया जायेगा, जो दो किस्तों 60:40 के

अनुपात में प्रथम वर्ष 30,000/— (तीस हजार) रूपये प्रति हेक्टेयर एवं द्वितीय वर्ष 20,000/— (बीस हजार) रूपये प्रति हेक्टेयर लाभार्थी को भुगतान किया जायेगा।

7. द्वितीय किस्त की राशि का भुगतान प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी के स्तर से सत्यापन के पश्चात् प्रथम वर्ष में लगाये गये पौधों में से 75 प्रतिशत उत्तरजीविता पाये जाने के उपरांत ही किया जायेगा। फसलों के प्रोत्साहन कार्यक्रम से संबंधित जिलावार/फसलवार विस्तृत विवरणी अनुसूची—2 के रूप में संलग्न है।

8. विशेष बागवानी फसलों के क्षेत्र विस्तार के लिए प्रति लाभार्थी न्यूनतम 0.1 हेक्टेयर एवं अधिकतम 4 हेक्टेयर के लिए लाभ दिया जायेगा।

9. **आवेदकों का चयन** :—इस योजना का लाभ लेने हेतु किसानों का DBT पोर्टल पर पंजीकृत होना आवश्यक होगा। योजना अन्तर्गत कृषकों के द्वारा विभागीय पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के आलोक में "पहले आओ— पहले पाओ" के आधार पर चयन किया जायेगा।

10. विशेष बागवानी **फसलों** के क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के लाभुक कृषकों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अन्तर्गत सूक्ष्म सिंचाई योजना हेतु प्राथमिकता दी जायेगी।

11. संबंधित जिले के सहायक निदेशक उद्यान योजना के कार्यान्वयन से संबंधित सभी रिकॉर्ड यथा—फोटोग्राफी, विडियोग्राफी, उत्पादन एवं उत्पादकता के आँकड़े आदि संधारित करेंगे। पौधे वितरण एवं मेड़/खेत में लगे पौधों का Geotagged photography करना आवश्यक होगा।

12. इस योजना हेतु 33—01 सब्सिडी विषय शीर्ष से स्वीकृति दी जा रही है परन्तु इस शीर्ष में बजट उपबंध उपलब्ध नहीं है। उद्यान निदेशालय के लिए राज्य योजना मद में 31—06 सहायक अनुदान — गैर वेतन विषय शीर्ष में बजट उपबंध उपबंधित है परन्तु इस विषय शीर्ष में वित्त विभागीय परामर्श अनुसार विभागीय निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को राशि स्वीकृत/आवंटित करना नियमानुकूल नहीं होने के कारण निदेशक, उद्यान द्वारा सहायक अनुदान वेतन मद में उपबंधित राशि को 33—01 सब्सिडी, 28—02 संविदा सेवाएं मद एवं 13—01 कार्यालय व्यय मद में उपबंधित करने हेतु बजट पदाधिकारी —सह— उप सचिव, कृषि विभाग, बिहार से अनुरोध किया गया है। 33—01 सब्सिडी मद में वित्त विभाग द्वारा राशि उपबंधित होने के पश्चात् ही इस योजना हेतु स्वीकृत राशि का आवंटन, निकासी एवं व्यय किया जा सकेगा।

13. योजनान्तर्गत 78.537 : 20 : 1.463 के अनुपात में कोटिवार लाभुकों का चयन किया जायेगा। सभी कोटियों में न्यूनतम 30% महिला कृषकों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।

14. योजना कार्यान्वयन संबंधित कार्यान्वयन अनुदेश सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन प्राप्त कर अलग से निर्गत किया जायेगा।

15. निदेशक उद्यान, बिहार, पटना इस योजना के सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी होंगे।

16. योजना अन्तर्गत स्वीकृत राशि की निकासी अनुसूची—03 के आलोक में निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा संबंधित कोषागार से BTC Form-25 पर CFMS के विहित रीति से वित्त विभागीय पत्रांक—2561 दिनांक—17.04.1998 का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

17. योजना कार्यान्वयन के क्रम में प्रशासी विभाग द्वारा वित्तीय सीमा के अन्दर आवश्यक संशोधन/अन्तर परिवर्तन किया जा सकेगा।

18. वितीय वर्ष 2025–26 में बजट उपबंध से संबंधित विवरणी निम्न प्रकार हैः–

(राशि लाख रू० में)

| बजट शीर्ष | उपबंधित राशि | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष "2401 फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष 119–बागवानी तथा वनस्पति फसलें, माँग संख्या 01, उप शीर्ष 0101– उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01-2401001190101, विषय शीर्ष 0101-3301 सब्सिडी। | 19084.491 | 659.7113 |
| मुख्य शीर्ष "2401–फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष – 00, लघु शीर्ष 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, माँग संख्या 01, उप शीर्ष – 0130 उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01-2401007890130, विषय शीर्ष 0130-3301 सब्सिडी। | 4860.00 | 168.00 |
| मुख्य शीर्ष "2401 फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष– 00, लघु शीर्ष 796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना, माँग संख्या 01, उपशीर्ष 0152 – उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01-2401007960152, विषय शीर्ष 0152-3301 सब्सिडी। | 355.509 | 12.2887 |
| **कुल** | **24300.00** | **840.0000** |

उद्यान निदेशालय का पत्रांक–431 दिनांक–18.04.2025 के द्वारा विषयशीर्ष 31–06 सहायक अनुदान गैर वेतन में उपलब्ध उपबंधित राशि को विषयशीर्षवार 33–01 सब्सिडी, 28–02 संविदा सेवाएँ मद एवं 13–01 कार्यालय व्यय मद में उपलब्ध कराने हेतु उप सचिव–सह–बजट पदाधिकारी से अनुरोध किया गया है। अतः अगले अनुपूरक आगणन के पश्चात उक्त विषयशीर्ष में उपबंधित राशि की प्राप्ति होने के पश्चात ही योजना अन्तर्गत राशि की निकासी एवं व्यय किया जा सकेगा।

19. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888 दिनांक–03.12.2024 तथा पत्रांक–201 दिनांक–13.03.2025 में निहित प्रावधान के आलोक में दिनांक 19.05.2025 को सचिव, कृषि की अध्यक्षता में आयोजित विभागीय स्थायी वित्त समिति की बैठक में अनुशंसा प्राप्त है। योजना प्रस्ताव एवं स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर माननीय मंत्री, कृषि का अनुमोदन संचिका संख्या–DoH/SS/04/2025 के पृ0सं0–14/टि0 पर दिनांक–26.05.2025 को प्राप्त है।

20. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–7355 वि० (2) दिनांक 05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

21. स्वीकृत्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–DoH/SS/04/2025 के पृष्ठ संख्या–16/टि० पर दिनांक–27.05.2025 को प्राप्त है, जिसका डायरी संख्या–366 दिनांक–27.05.2025 है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

27/5

(कल्पना कुमारी)

अपर सचिव,

कृषि विभाग, बिहार, पटना।

D:\YOGNA 2025-26\Mirnal Sastri Sir (Gaurav)\Crop Diversification (840.00).doc

ज्ञापांक :– DoH/SS/04/2025– 45 /पटना दिनांक 27.05. 2025

प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी, अंकेक्षण, महालेखाकार (ले० एवं ह०) कार्यालय, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– DoH/SS/04/2025– 45 /पटना दिनांक 27.05. 2025

प्रतिलिपि : योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– DoH/SS/04/2025– 45 /पटना दिनांक 27.05. 2025

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– DoH/SS/04/2025– 45 /पटना दिनांक 27.05 2025

प्रतिलिपि : सचिवालय कोषागार पदाधिकारी, विकास भवन, पटना/सभी संबंधित जिला कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– DoH/SS/04/2025– 45 /पटना दिनांक 27.05. 2025

प्रतिलिपि : माननीय कृषि मंत्री के आप्त सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त के प्रधान आप्त सचिव, बिहार, पटना/सचिव, कृषि के आप्त सचिव/कृषि निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक उद्यान, बिहार, पटना/मिशन निदेशक, राज्य बागवानी मिशन, बिहार, पटना/अपर कृषि निदेशक, प्रसार, बिहार, पटना/निदेशक, भूमि संरक्षण, बिहार, पटना/निदेशक, पी०पी०एम०, कृषि विभाग, बिहार, पटना/सभी प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक/संबंधित उप निदेशक उद्यान/संबंधित, जिला कृषि पदाधिकारी/संबंधित, सहायक निदेशक उद्यान/संबंधित, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी/ मुख्यालय स्थित सभी संबंधित पदाधिकारीगण/ बजट एवं योजना शाखा (सचिवालय एवं निदेशालय) कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– DoH/SS/04/2025– 45 /पटना दिनांक 27.05. 2025

प्रतिलिपि : उप निदेशक (शष्य), सूचना, बिहार, पटना/आई०टी० मैनेजर, कृषि विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर डालने एवं संबंधित पदाधिकारियों एवं कोषागार पदाधिकारी को ई–मेल से भेजने हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

D:\YOGNA 2025-26\Mrnal Sastri Sir (Gaurav)\Crop Diversification (840.00).doc

# अनुसूची :— 1

## राज्य योजना मद से फसल विविधीकरण योजना के अधीन विशेष बागवानी फसलों के प्रोत्साहन हेतु वित्तीय वर्ष 2025—26 से 2026—27 तक दो वर्षों की कार्य योजना

(भौतिक — हेक्टेयर में, वित्तीय — लाख रूपये में)

| क्र० सं० | घटक | अनुदान की राशि (लाख रूपये / हे०) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (प्रथम वर्ष 2025—26) देय आनुदान का 60% | वित्तीय लक्ष्य (द्वितीय वर्ष 2026—27) देय अनुदान का 40% | कुल वित्तीय लक्ष्य | कार्यान्वयन का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **शुष्क बागवानी फसलों का प्रोत्साहन (60:40)** | | | | | | |
| i. | आँवला (400 पौधा / हे०) | 0.500 | 500 | 150.00 | 100.00 | 250.00 | जुलाई— सितम्बर |
| ii. | एप्पल बेर (278 पौधा / हे०) | 0.500 | 700 | 210.00 | 140.00 | 350.00 | |
| iii. | नींबू (555 पौधा / हे०) | 0.500 | 800 | 240.00 | 160.00 | 400.00 | |
| iv. | अमरूद (278 पौधा / हे०) | 0.500 | 800 | 240.00 | 160.00 | 400.00 | |
| | योग | | **2800** | **840.00** | **560.00** | **1400.00** | |

संजय कुमार सिन्हा

निदेशक उद्यान, बिहार,
पटना।

# अनुसूची :– 2

## वित्तीय वर्ष 2025–26 एवं 2026–27 में फसल विविधीकरण योजना के अधीन विशेष बागवानी फसलों के प्रोत्साहन कार्यक्रम हेतु लक्ष्य की विवरणी

(भौतिक हेक्टेयर में एवं वित्तीय लाख रुपये में)

| क्र० सं० | जिला का नाम | आँवला | | | एप्पल बेर | | | नींबू | | | अमरूद | | | कुल | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (प्रथम वर्ष 2025–26) | वित्तीय लक्ष्य (द्वितीय वर्ष 2026–27) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (प्रथम वर्ष 2025–26) | वित्तीय लक्ष्य (द्वितीय वर्ष 2026–27) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (प्रथम वर्ष 2025–26) | वित्तीय लक्ष्य (द्वितीय वर्ष 2026–27) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (प्रथम वर्ष 2025–26) | वित्तीय लक्ष्य (द्वितीय वर्ष 2026–27) | भौतिक लक्ष्य | वित्तीय लक्ष्य (प्रथम वर्ष 2025–26) | वित्तीय लक्ष्य (द्वितीय वर्ष 2026–27) | कुल वित्तीय लक्ष्य (18+19) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 1 | अरवल | 8 | 2.40 | 1.60 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 38 | 11.400 | 7.600 | 19.000 |
| 2 | औरंगाबाद | 20 | 6.00 | 4.00 | 25 | 7.50 | 5.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 105 | 31.500 | 21.000 | 52.500 |
| 3 | बांका | 20 | 6.00 | 4.00 | 25 | 7.50 | 5.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 105 | 31.500 | 21.000 | 52.500 |
| 4 | भागलपुर | 20 | 6.00 | 4.00 | 25 | 7.50 | 5.00 | 35 | 10.50 | 7.00 | 35 | 10.50 | 7.00 | 115 | 34.500 | 23.000 | 57.500 |
| 5 | भोजपुर | 10 | 3.00 | 2.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 70 | 21.000 | 14.000 | 35.000 |
| 6 | बक्सर | 10 | 3.00 | 2.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 70 | 21.000 | 14.000 | 35.000 |
| 7 | गया | 20 | 6.00 | 4.00 | 35 | 10.50 | 7.00 | 35 | 10.50 | 7.00 | 35 | 10.50 | 7.00 | 125 | 37.500 | 25.000 | 62.500 |
| 8 | जमुई | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 80 | 24.000 | 16.000 | 40.000 |
| 9 | जहानाबाद | 10 | 3.00 | 2.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 70 | 21.000 | 14.000 | 35.000 |
| 10 | कैमूर | 10 | 3.00 | 2.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 70 | 21.000 | 14.000 | 35.000 |
| 11 | लखीसराय | 12 | 3.60 | 2.40 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 72 | 21.600 | 14.400 | 36.000 |
| 12 | मुंगेर | 20 | 6.00 | 4.00 | 25 | 7.50 | 5.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 105 | 31.500 | 21.000 | 52.500 |
| 13 | नालन्दा | 10 | 3.00 | 2.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 70 | 21.000 | 14.000 | 35.000 |
| 14 | नवादा | 20 | 6.00 | 4.00 | 25 | 7.50 | 5.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 105 | 31.500 | 21.000 | 52.500 |
| 15 | पटना | 20 | 6.00 | 4.00 | 25 | 7.50 | 5.00 | 35 | 10.50 | 7.00 | 35 | 10.50 | 7.00 | 115 | 34.500 | 23.000 | 57.500 |
| 16 | रोहतास | 20 | 6.00 | 4.00 | 25 | 7.50 | 5.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 105 | 31.500 | 21.000 | 52.500 |
| 17 | शेखपुरा | 5 | 1.50 | 1.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 35 | 10.500 | 7.000 | 17.500 |
| 18 | अररिया | 5 | 1.50 | 1.00 | 7 | 2.10 | 1.40 | 15 | 4.50 | 3.00 | 15 | 4.50 | 3.00 | 42 | 12.600 | 8.400 | 21.000 |
| 19 | बेगुसराय | 15 | 4.50 | 3.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 25 | 7.50 | 5.00 | 25 | 7.50 | 5.00 | 85 | 25.500 | 17.000 | 42.500 |
| 20 | दरभंगा | 8 | 2.40 | 1.60 | 15 | 4.50 | 3.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 63 | 18.900 | 12.600 | 31.500 |
| 21 | पूर्वी चम्पारण | 15 | 4.50 | 3.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 95 | 28.500 | 19.000 | 47.500 |
| 22 | गोपालगंज | 10 | 3.00 | 2.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 70 | 21.000 | 14.000 | 35.000 |
| 23 | कटिहार | 8 | 2.40 | 1.60 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 38 | 11.400 | 7.600 | 19.000 |
| 24 | खगड़िया | 8 | 2.40 | 1.60 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 38 | 11.400 | 7.600 | 19.000 |
| 25 | किशनगंज | 5 | 1.50 | 1.00 | 5 | 1.50 | 1.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 30 | 9.000 | 6.000 | 15.000 |
| 26 | मधेपुरा | 10 | 3.00 | 2.00 | 15 | 4.50 | 3.00 | 15 | 4.50 | 3.00 | 15 | 4.50 | 3.00 | 55 | 16.500 | 11.000 | 27.500 |
| 27 | मधुबनी | 8 | 2.40 | 1.60 | 15 | 4.50 | 3.00 | 15 | 4.50 | 3.00 | 15 | 4.50 | 3.00 | 53 | 15.900 | 10.600 | 26.500 |
| 28 | मुजफ्फरपुर | 20 | 6.00 | 4.00 | 25 | 7.50 | 5.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 105 | 31.500 | 21.000 | 52.500 |
| 29 | पूर्णिया | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 25 | 7.50 | 5.00 | 25 | 7.50 | 5.00 | 90 | 27.000 | 18.000 | 45.000 |
| 30 | सहरसा | 8 | 2.40 | 1.60 | 15 | 4.50 | 3.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 63 | 18.900 | 12.600 | 31.500 |
| 31 | समस्तीपुर | 20 | 6.00 | 4.00 | 35 | 10.50 | 7.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 115 | 34.500 | 23.000 | 57.500 |
| 32 | सारण | 12 | 3.60 | 2.40 | 15 | 4.50 | 3.00 | 15 | 4.50 | 3.00 | 15 | 4.50 | 3.00 | 57 | 17.100 | 11.400 | 28.500 |
| 33 | शिवहर | 5 | 1.50 | 1.00 | 8 | 2.40 | 1.60 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 33 | 9.900 | 6.600 | 16.500 |
| 34 | सीतामढ़ी | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 40 | 12.000 | 8.000 | 20.000 |
| 35 | सिवान | 10 | 3.00 | 2.00 | 15 | 4.50 | 3.00 | 15 | 4.50 | 3.00 | 15 | 4.50 | 3.00 | 55 | 16.500 | 11.000 | 27.500 |
| 36 | सुपौल | 8 | 2.40 | 1.60 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 10 | 3.00 | 2.00 | 38 | 11.400 | 7.600 | 19.000 |
| 37 | वैशाली | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 80 | 24.000 | 16.000 | 40.000 |
| 38 | पं० चम्पारण | 20 | 6.00 | 4.00 | 20 | 6.00 | 4.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 30 | 9.00 | 6.00 | 100 | 30.000 | 20.000 | 50.000 |
| | कुल | 500 | 150.00 | 100.00 | 700 | 210.00 | 140.00 | 800 | 240.00 | 160.00 | 800 | 240.00 | 160.00 | 2800 | 840.00 | 560 | 1400.00 |

संजय कुमार सिन्हा

निदेशक उद्यान, बिहार,
पटना।

## अनुसूची :– 03

### वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजना मद से फसल विविधीकरण योजना के अधीन विशेष बागवानी फसलों के प्रोत्साहन हेतु कार्यान्वयन एजेन्सी/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारीवार एवं श्रेणीवार वित्तीय लक्ष्य का निर्धारण

(वित्तीय लाख रू० में)

| क्र० सं० | जिला/कार्यान्वयन एजेन्सी/ निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का नाम | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक निदेशक उद्यान, अरवल | 8.9532 | 2.2800 | 0.1668 | 11.400 |
| 2 | सहायक निदेशक उद्यान, औरंगाबाद | 24.7392 | 6.3000 | 0.4608 | 31.500 |
| 3 | सहायक निदेशक उद्यान, बांका | 24.7392 | 6.3000 | 0.4608 | 31.500 |
| 4 | सहायक निदेशक उद्यान, भागलपुर | 27.0953 | 6.9000 | 0.5047 | 34.500 |
| 5 | सहायक निदेशक उद्यान, भोजपुर | 16.4928 | 4.2000 | 0.3072 | 21.000 |
| 6 | सहायक निदेशक उद्यान, बक्सर | 16.4928 | 4.2000 | 0.3072 | 21.000 |
| 7 | सहायक निदेशक उद्यान, गया | 29.4514 | 7.5000 | 0.5486 | 37.500 |
| 8 | सहायक निदेशक उद्यान, जमुई | 18.8489 | 4.8000 | 0.3511 | 24.000 |
| 9 | सहायक निदेशक उद्यान, जहानाबाद | 16.4928 | 4.2000 | 0.3072 | 21.000 |
| 10 | सहायक निदेशक उद्यान, कैमूर | 16.4928 | 4.2000 | 0.3072 | 21.000 |
| 11 | सहायक निदेशक उद्यान, लखीसराय | 16.9640 | 4.3200 | 0.3160 | 21.600 |
| 12 | सहायक निदेशक उद्यान, मुंगेर | 24.7392 | 6.3000 | 0.4608 | 31.500 |
| 13 | सहायक निदेशक उद्यान, नालन्दा | 16.4928 | 4.2000 | 0.3072 | 21.000 |
| 14 | सहायक निदेशक उद्यान, नवादा | 24.7392 | 6.3000 | 0.4608 | 31.500 |
| 15 | सहायक निदेशक उद्यान, पटना | 27.0953 | 6.9000 | 0.5047 | 34.500 |
| 16 | सहायक निदेशक उद्यान, रोहतास | 24.7392 | 6.3000 | 0.4608 | 31.500 |
| 17 | सहायक निदेशक उद्यान, शेखपुरा | 8.2464 | 2.1000 | 0.1536 | 10.500 |
| 18 | सहायक निदेशक उद्यान, अररिया | 9.8957 | 2.5200 | 0.1843 | 12.600 |
| 19 | सहायक निदेशक उद्यान, बेगुसराय | 20.0269 | 5.1000 | 0.3731 | 25.500 |
| 20 | सहायक निदेशक उद्यान, दरभंगा | 14.8435 | 3.7800 | 0.2765 | 18.900 |
| 21 | सहायक निदेशक उद्यान, पूर्वी चम्पारण | 22.3830 | 5.7000 | 0.4170 | 28.500 |
| 22 | सहायक निदेशक उद्यान, गोपालगंज | 16.4928 | 4.2000 | 0.3072 | 21.000 |
| 23 | सहायक निदेशक उद्यान, कटिहार | 8.9532 | 2.2800 | 0.1668 | 11.400 |
| 24 | सहायक निदेशक उद्यान, खगड़िया | 8.9532 | 2.2800 | 0.1668 | 11.400 |
| 25 | सहायक निदेशक उद्यान, किशनगंज | 7.0683 | 1.8000 | 0.1317 | 9.000 |
| 26 | सहायक निदेशक उद्यान, मधेपुरा | 12.9586 | 3.3000 | 0.2414 | 16.500 |
| 27 | सहायक निदेशक उद्यान, मधुबनी | 12.4874 | 3.1800 | 0.2326 | 15.900 |
| 28 | सहायक निदेशक उद्यान, मुजफ्फरपुर | 24.7392 | 6.3000 | 0.4608 | 31.500 |
| 29 | सहायक निदेशक उद्यान,पूर्णिया | 21.2050 | 5.4000 | 0.3950 | 27.000 |
| 30 | सहायक निदेशक उद्यान,सहरसा | 14.8435 | 3.7800 | 0.2765 | 18.900 |
| 31 | सहायक निदेशक उद्यान, समस्तीपुर | 27.0953 | 6.9000 | 0.5047 | 34.500 |
| 32 | सहायक निदेशक उद्यान, सारण | 13.4298 | 3.4200 | 0.2502 | 17.100 |
| 33 | सहायक निदेशक उद्यान, शिवहर | 7.7752 | 1.9800 | 0.1448 | 9.900 |
| 34 | सहायक निदेशक उद्यान, सीतामढ़ी | 9.4244 | 2.4000 | 0.1756 | 12.000 |
| 35 | सहायक निदेशक उद्यान, सिवान | 12.9586 | 3.3000 | 0.2414 | 16.500 |
| 36 | सहायक निदेशक उद्यान, सुपौल | 8.9532 | 2.2800 | 0.1668 | 11.400 |
| 37 | सहायक निदेशक उद्यान, वैशाली | 18.8489 | 4.8000 | 0.3511 | 24.000 |
| 38 | सहायक निदेशंक उद्यान, पं० चम्पारण | 23.5611 | 6.0000 | 0.4389 | 30.000 |
| | **कुल** | **659.7113** | **168.0000** | **12.2887** | **840.0000** |

संजय कुमार सिन्हा

निदेशक उद्यान, बिहार,
पटना